# *HWTS Network, India*

वर्तमान समय में, पानी WASH का सबसे महत्वपूर्ण घटक है जो पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। इस परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, सहगल फाउंडेशन ने राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (NIRD), भारत और सेंटर फॉर अफोर्डेबल वाटर एंड सैनिटेशन टेक्नोलॉजी (CAWST), कनाडा के सहयोग से फरवरी 2020 में एक लर्निंग एक्सचेंज वर्कशॉप का आयोजन किया जहाँ प्रौद्योगिकियों और कार्य अनुभवों को साझा करा गया। सभी का मत था कि घरेलू जल उपचार भंडारण (Household Water Treatment and Storage HWTS) और सुरक्षित पेयजल पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में HWTS को बढ़ाने के लिए एक रणनीति विकसित होनी चाहिए।

वर्कशॉप के प्रतिभागियों ने भारत में घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भंडारण (HWTS) नेटवर्क की आवश्यकता व्यक्त करी। ताकि सभी सदस्य विभिन्न शैक्षिक और व्यावसायिक पृष्ठभूमि, और विभिन्न संगठनों और भौगोलिक स्थानों से आने वाले सदस्यों की विविधता का लाभ उठा सकें।

नेटवर्क परिकल्पना पर समूह कार्य का सारांश निम्नलिखित है।

## नेटवर्क विजन

सभी भारतीयों को वहनीय मूल्य पर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होना चाहिए।

## नेटवर्क का लक्ष्य

नेटवर्क भारत में विशेष रूप से ग्रामीण, दूरस्थ और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सुरक्षित जल कवरेज बढ़ाने में योगदान देगा तथा घरेलू जल उपचार के कार्यान्वयन के माध्यम से सबसे गरीब लोगों पर ध्यान केंद्रित होगा।

## नेटवर्क का उद्देश्य

सदस्यों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए और उचित और किफायती एच डब्ल्यू टी एस प्रौद्योगिकियों, उत्पादों, अनुसंधान और एच डब्ल्यू टी एस परियोजना कार्यान्वयन पर उनकी क्षमता वर्धन करना हैं।

## नेटवर्क गतिविधियां

1. नीतिगत चर्चाओं में भाग लेना।
2. स्पष्ट रूप से ज्ञान-साझाकरण (knowledge sharing) पर ध्यान देते हुए गैप्स को कम करना।
3. कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशालाओं का आयोजन करना।

4. ईमेल, फोन कॉल और व्यक्तिगत यात्राओं के माध्यम से तकनीकी सहायता प्रदान करना।
5. सदस्यों को समय-समय पर पत्र/ईमेल द्वारा जोड़ कर रखना।
6. वैश्विक एच डब्ल्यू टी एस नेटवर्क से जुड़ कर ज्ञान और अपडेट का आदान-प्रदान करना।
7. जरूरतमंद सदस्यों की सहायता के लिए विशेषज्ञों का विषयगत समूह विकसित करना।
8. सदस्यों को एक साथ आने और एक-दूसरे की कैपेसिटी बिल्डिंग के काम करने के लिए अवसर प्रदान करना।

## नियम और जिम्मेदारियाँ

चूंकि वित्त, मानव संसाधन और समय इस उद्देश्य के लिए उपलब्ध नहीं है इसीलिए नेटवर्क संरचना को सरल और अनौपचारिक रखा जाएगा। नेटवर्क हब और स्पोक मॉडल के अनुसार काम करना चाहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कार्यशाला में चर्चा के अनुसार सहगल फाउंडेशन के श्री ललित शर्मा इस नेटवर्क का कोर्डिनेशन करेंगे।

सहगल फाउंडेशन अपने माध्यम से वार्षिक लर्निंग एक्सचेंज वर्कशॉप का आयोजन करेगा। एन आई आर डी (NIRD) ने इच्छा व्यक्त की कि लर्निंग एक्सचेंज वर्कशॉप के लिए अपना स्थान प्रदान करेंगे। सी ए डब्ल्यू एस टी (CAWST) सहगल फाउंडेशन को तकनीकी और ज्ञान के आदान-प्रदान के संचालन में सहायता प्रदान करेगा।

### मेम्बरशिप

पीने के पानी के लिए एच डब्ल्यू टी एस में काम करने वाले या काम करने की रुचि रखने वाले संगठन यहां क्लिक करके मुफ्त में नेटवर्क से जुड़ सकते हैं। उम्मीद है कि सभी सदस्य सहगल फाउंडेशन के साथ सहयोग और समन्वय करेंगे।

## कार्य योजना

लर्निंग एक्सचेंज वर्कशॉप के दौरान, प्रतिभागियों ने एच डब्ल्यू टी एस बढ़ाने में आने वाली कई चुनौतियों की पहचान की। पहचान की गई चुनौतियों में से, निम्नलिखित को शुरू में नेटवर्क द्वारा संबोधित करने के लिए चुना गया था।

- बाजार में उपलब्ध उत्पादों के बारे में जानकारी का अभाव
- परित्याग का रवैया और उपयोगकर्ताओं की बदलने की अनिच्छा

- नीति निर्माताओं द्वारा केंद्रीकृत प्रणालियों पर ध्यान दें
- उपलब्ध समाधानों का अवहनीय उच्च मूल्य निर्धारण।

स्केलिंग के लिए सुझाई गई रणनीतियाँ हैं:

- पीने के पानी के स्रोतों का सही डेटा प्रदान करने के लिए
- स्थानीय उद्यमियों को शामिल करें
- सूक्ष्म वित्तीय संस्थानों के साथ लिंक करें
- देश भर में सरकारी विस्तार कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है जो कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं की तरह सामुदायिक शिक्षा प्रदान करें
- उपयोग के स्थान पर भी जल परीक्षण और विश्लेषण की आवश्यकता
- उपयुक्त प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक एच डब्ल्यू टी एस नेटवर्क बनाना।

## *अब तक का सफर*

सदस्यता: एच डब्ल्यू टी एस नेटवर्क, भारत में वर्तमान में 207 सदस्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत हैं। भारत में नेटवर्क का प्रत्येक सदस्य अंतिम व्यक्ति तक सुरक्षित पानी उपलब्धता सुनिश्चित करने और नेटवर्क को मजबूत करने के लिए के लिए क्रतसंकल्प रहा है।

सहगल फाउंडेशन ने सी ए डब्ल्यू एस टी के साथ साझेदारी की है


- **संचालित:**
    - 46 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 343 संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया ।
    - नेटवर्क ने 1377 समुदाय के सदस्यों को बायोसैंड फिल्टर प्रौद्योगिकी, घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भंडारण (एच डब्ल्यू टी एस), सामुदायिक वॉश संवर्धन (सीडब्ल्यूपी), पेयजल गुणवत्ता परीक्षण (डीडब्ल्यूक्यूटी) और सिरेमिक पॉट फिल्टर प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षित किया है।
    - 7 वेबिनार जहां 760 प्रतिभागियों ने सत्रों में भाग लिया
    - 50 संगठनों को 96 तकनीकी परामर्श प्रदान किए
    - विभिन्न श्रोताओं (वाटर प्रैक्टिशनर्स, संगठनों और शिक्षण संस्थानों के छात्रों) के लिए घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भंडारण (HWTS) का परिचय विषय पर 2 सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित


किए। पेयजल गुणवत्ता परीक्षण (DWQT) का पहला बैच इस महीने ही सीमित विशेषज्ञता वाले पायलट बैच के रूप में शुरू किया गया है।

  - 3 लर्निंग एक्सचेंज वर्कशॉप आयोजित की गई हैं। कुल मिलाकर, 90 प्रतिभागियों ने तीनों लर्निंग एक्सचेंजों में भाग लिया है और 16 से अधिक नेटवर्क सदस्यों ने एच डब्ल्यू टी एस पर विभिन्न हितधारकों से वाटर प्रैक्टिशनर्स की बेहतरी के लिए अपनी सीख या तकनीकों को साझा किया है।
  - विभिन्न विषयों पर ज्ञान का प्रसार करने के उद्देश्य से वाटर नॉलेज एक्सचेंज पर सत्रों की एक श्रृंखला शुरू की गई है। पहले दो सत्र पीने के पानी में माइक्रोबियल संदूषण के बारे में सीखने पर केंद्रित थे जहां 25 प्रतिभागियों ने इस विषय पर ज्ञान प्राप्त किया।


- **सुगम:**
  - जलकल्प बायोसैंड फिल्टर एडॉप्शन: 15 भारतीय एनजीओ और 3 सामाजिक उद्यमियों ने इस विषय पर प्रशिक्षित होने के बाद जलकल्प बायोसैंड फिल्टर टेक्नोलॉजी को अपनाया है। 12,000 से अधिक जलकल्प स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 3,000 ही सहगल फाउंडेशन द्वारा स्थापित किए गए हैं और बाकी बिहार, यूपी, आंध्र, हिमाचल, नागालैंड, हरियाणा और राजस्थान में प्रशिक्षित भागीदार संगठनों द्वारा स्थापित किए गए हैं।
  - माटीकल्प सिरेमिक पॉट फ़िल्टर उत्पादन और प्रमोशन: माटीकल्प सिरेमिक पॉट फ़िल्टर की 5 उत्पादन इकाइयाँ स्थापित की गई हैं। बिहार में घरों में 461 वाटर फिल्टर लगाए गए हैं।
  - HWTS तकनीक व्यापक: उपयुक्त वाटर फिल्टर अपनाकर सुरक्षित पेयजल से 30,000 लोग लाभान्वित हुए।
- **संवेदीकरण और जागरूकता निर्माण सत्र:** 300,000 से अधिक समुदाय के सदस्यों को वॉश मुद्दों पर शिक्षित किया गया है।

एच डब्ल्यू टी एस नेटवर्क, भारत के तहत की जाने वाली गतिविधियों के कुछ स्नैपशॉट यहां दिए गए हैं।



SUNEEL RAJAVARAM
Yashi Gautam
Anjali Makhija
Lalit Sharma
Dr. Shubham Sharma
Nilmani singh
Rakesh Verma
Aparajeeta Vaibhav
Binod Bihari Das
Dr.Ravikant
Apurva
Bhawna
Suprita
Nand Kishore Verma
Sumit Singh
Suman Chatterjee
Shriyans
Rajesh Malakar
Suman Chatterjee
Shriyans
Rajesh Malakar
Leanne Madjidi, She/Her


Lalit Sharma
Aparajeeta
Sunderrajan Krishnan
Suneel Rajavaram
Marcio Botto
Yashi Gautam
Leanne Madjidi
Technical Support


Salahuddin Saiphy (Guest)
Lalit Sharma Sehgal Foundation (Guest)
Dr. Ramesh Sakthivel
54:35
+13
KC
S
DT
G
S
NK
DJ
DS
SD
GK
PK
DG
RP
SR
B
A


Yashi Gautam
ranjana
Himanshu Bhar...
Leanne Madjidi,...
Himanshu Bhar...
Leanne Madjidi,...


+15


Yashi Gautam
Mohammed A n...
Binod Bihari Das
Bhawna
Yashi Gautam
Mohammed A nazir
Binod Bihari Das
Bhawna
Marcio Botto
Lalit Sharma
SUNEEL RAJAVARAM


Learning
Workshop Biosand


Vivo V15